महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू०वि०/गोप./प्रयो.गौ./2026/830–837 दिनांकः–20.05.2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

**विषयः–** **बी०एड०, एम०एड०, बी०एल०एड०, बी०पी०एड०, बी०एस०सी०/एम०एस०सी०(कृषि) पी०जी०डी०सी०ए०, बी०कॉम० (फाईनेंस/फाईनेंशियल सर्विसस), बी०लिब०, एम०लिब०, बी०बी०ए० (पुराना पाठ्यक्रम), बी०सी०ए० (पुराना पाठ्यक्रम), एम०एस०डब्लू०, एवं पी०जी०डी०सी०ए० सम सेमेस्टर/वार्षिकी परीक्षाअ वर्ष 2026 के बाह्य प्रयोगात्मक/आन्तरिक समर्थ पोर्टल/विश्वविद्यालय पार्टल के माध्यम से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि बी०एड०, एम०एड०, बी०एल०एड०, बी०पी०एड०, बी०एस०सी०/एम०एस०सी०(कृषि) पी०जी०डी०सी०ए०, बी०कॉम (फाईनेंस/फाईनेंशियल सर्विसस), बी०लिब०, एम०लिब०, बी०बी०ए० (पुराना पाठ्यक्रम), बी०सी०ए० (पुराना पाठ्यक्रम), एम०एस०डब्लू०, एवं पी०जी०डी०सी०ए० इत्यादि पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर/वार्षिकी परीक्षा 2026 की बाह्य प्रयोगात्मक/आन्तरिक परीक्षा परीक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में पत्रांकःरू.वि./गोप./प्रयो.गौ./2024/2302–2309 दिनॉक 15.04.2024 के अनुसार समस्त प्रयोगात्मक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है। समस्त महाविद्यालय दिनॉक **22.05.2026 से 10.06.2026** तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करा लें, किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को ऑनलाइन स्वीकार नही किया जायेगा एवं पोर्टल बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालयों द्वारा सुनिश्चित किया जाना है:–

1. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो प्रतियाँ तैयार की जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होंगे। आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं हैं।
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें चुनौती मूल्यॉकन (Challenge Evaluation) से अच्छादित हैं, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराना होगा।
3. परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते हैं।

**नोट–सूच्य हो कि**

1. द्वितीय सेमेस्टर 2026 मुख्य परीक्षा के प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्व की भांति ही संपन्न कराई जाएगी जिसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से ही बाह्य और आंतरिक परीक्षक नियुक्त किए जाएंगे एवं उनके अंक एम.जे.पी.आर.यू आई.यू.एम.एस. की वेबसाइट पर अपलोड करके उसका प्रिंट आउट निकालकर बाह्य और आंतरिक परीक्षा से साइन करवाए जाएंगे।
2. संपन्न करवाई गई प्रयोगात्मक परीक्षाओं के बाह्य एवं आंतरिक अंक, थ्योरीवोकेशनल, मेजर-माइनर विषयों के आंतरिक अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड होने हैं इसके लिए प्रिंसिपल लॉगिन आईडी का उपयोग करते हुए संलग्न फ्लो चार्ट के अनुरूप अंक अपलोड करने होंगे।
3. कोई भी महाविद्यालय समर्थ पोर्टल के माध्यम से एड इवेलुएटर एवं ऐड इवेलुएटर कंपोनेंट वाइज (Add evaluator/add evaluator component wise) ऑप्शन का उपयोग नहीं करेगा, ना ही महाविद्यालयों को इवेलुएटर असाइन करने का अधिकार दिया गया है।
4. उक्त प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृपया इस नंबर पर संपर्क करें।
   Dr. Vishal Saxena (9412738873)

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समन्वयक, समर्थ पोर्टल।
2. मीडिया प्रभारी।
3. उप-कुलसचिव (गोपनीय)।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
6. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
7. वै० सहायक, कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक